हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 22 सितंबर 2025

04 जिम्मेदार हुए नतमस्तक तो 'मामा' खड़े रहे साथ...



07 कर्ज का ब्याज चुकाने के लिए कर्ज ले रही है भाजपा...





**खबर संक्षेप**

### आज मुंबई के चरणजीत सिंह देंगे भक्ति गीतों की प्रस्तुति

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार संस्कृति विभाग द्वारा शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर 22 सितंबर 2025 को शाम 6:30 बजे सलकनपुर मां विजयासन देवी धाम प्रांगण में "शक्ति पर्व" का आयोजन किया जाएगा। माँ विजयासन की भक्ति में डूबे कला रसिकों के मध्य भोपाल की पूर्णिमा चतुर्वेदी लोकगायन की प्रस्तुति देकर सभा का आगाज करेंगी। इसके पश्चात भोपाल की दुर्गा मिश्रा एवं साथी नृत्य नाटिका "शिव-सती गाथा" के माध्यम से माता के शक्ति स्वरूप और माता सती की कथा को मंच पर जीवंत करेंगी। इस सुमधुर शाम का समापन मुंबई के चरणजीत सिंह सौंधी स्वरचित भक्ति गीतों की प्रस्तुति देकर करेंगे।

### राजस्व मंत्री करण सिंह का दौरा कार्यक्रम आज

**सीहोर।** राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा 22 सितंबर को दोपहर 1 बजे इछावर तहसील के ग्राम बीट बिछौली पहुंचेंगे और सेवा पखवाड़ा के तहत आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके पश्चात वे दोपहर 3 बजे ग्राम बाराखंबा पहुंचेंगे और सेवा पखवाड़ा के तहत आयोजित पौधरोपण एवं स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके पश्चात वे शाम 04 बजे भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।


### शासकीय आईटीआई में प्रवेश के लिए 30 तक बढ़ाई गई अंतिम तिथि

**सीहोर।** सीहोर स्थित शासकीय आईटीआई में प्रवेश सत्र 2025 के लिए पहले आओ पहले पाओ राउण्ड की अंतिम तिथी 30 सितंबर तक बढ़ा दी गई है। पहले इसकी अंतिम तिथी 20 सितंबर निर्धारित की गई थी जिसे अब बढ़ा दिया गया है। सीहोर शासकीय आईटीआई में संचालित एनसीव्हीटी एवं एससीव्हीटी के पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी 30 सितंबर से पहले आवेदन कर सकते हैं। पहले आओ पहले पाओ राउण्ड के तहत अभ्यर्थियों के नवीन रजिस्ट्रेशन, च्वाईस फिलिंग एवं त्रुटि सुधार के लिए पोर्टल चालू है। अभ्यर्थी स्वेच्छा से किसी एक आईटीआई के किसी एक ट्रेड च्वाईस फिलिंग कर सकते हैं। सभी रजिस्टर्ड कैंडिडेट को प्रवेश के लिए च्वाईस फिलिंग करना अनिवार्य है। च्वाइस लॉक करने के पश्चात संशोधन किया जाना संभव नही है, इसलिए अभ्यर्थी सावधानी पूर्वक आईटीआई एवं व्यवसाय का चयन करें। च्वाईस फिलिंग करने के पहले आईटीआई में व्यव्सायवार रिक्त सीटों की संख्या अवश्य जांच कर लें। अभ्यर्थी को प्रवेश के लिए 50 रुपये का भुगतान कर च्वाइस लॉक करना होगा, तत्पश्चात अलॉटमेंट लेटर प्रिंट कर सबंधित आईटीआई में प्रवेश के लिए समस्त दस्तावेज की मूल प्रति एवं दो सेट फोटो कॉपी सहित पहुंचकर वेरिफिकेशन उसी दिन कराना होगा।

## घट स्थापना के साथ आज से शुरू होगा शारदीय नवरात्रि पर्व, सलकनपुर में लगेगा 10 दिवसीय मेला

# भूतड़ी अमावस्या पर नर्मदा में डुबकी लगाई, फिर मां बिजासन के दरबार में टेका मत्था, लगा जाम

**नर्मदा तटों पर लगा भक्तों का जमावड़ा**



अमावस्या पर नर्मदा तटों पर भारी संख्या में श्रद्धालु-भक्त पहुंचे और मां नर्मदा में डुबकी लगाई। सीहोर जिले के आंवलीघाट, बाबरी, नीलकंठ, नेहलाई सहित अन्य प्रमुख नर्मदा घाटों पर भारी संख्या में लोग स्नान के लिए पहुंचे। खासकर जिले के आवलीघाट नर्मदा तट पर एक दिन पहले से ही भारी संख्या में लोग स्नान के लिए पहुंच गए। रात 12 बजे से ही नर्मदा में स्नान करना भी शुरू कर दिया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस के 200 से अधिक जवान तैनात रहे तो वहीं होमगार्ड एवं एनडीआरएफ की टीम भी सुरक्षा के लिए यहां पर मौजूद रही।



### दिनभर श्रद्धालु पहुंचते रहे आंवलीघाट सहित अन्य नर्मदा तटों पर, भूतडी अमावस्या पर लगा भूतों का मेला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



भूतडी अमावस्या पर जहां लोगों ने नर्मदा तटों पर पहुंचकर मां नर्मदा में डुबकी लगाई तो वहीं बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त मां बिजासन धाम सलकनपुर पहुंचे एवं मातारानी के दरबार में नवरात्रि से पहले मत्था टेक कर जीवन को धन्य बनाया। इधर, भूतडी अमावस्या पर आवलीघाट नर्मदा तट पर भूतों का मेला लगा, लेकिन रात से ही लंबे जाम की समस्या बनी रही। इसके कारण श्रद्धालुओं को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

चैत्र नवरात्रि से पहले सीहोर जिले के आंवलीघाट तट पर भूतों का मेला लगा। यह परंपरा यहां पर वर्षों से चली आ रही है। भूतड़ी अमावस्या पर रेहटी तहसील के आंवलीघाट तट का खास महत्व पुराणों में भी बताया गया है। भूतड़ी अमावस्या पर आंवलीघाट तट पर भूतों का मेला लगता है। यहां पर इस दिन जिन लोगों को भूत-प्रेत सहित अन्य बाहरी बाधाएं होती हैं। वे यहां पर आकर नर्मदा स्नान करते हैं और इन बाहरी बाधाओं से मुक्ति के उपाय करते हैं। यहां पर इन भूत-प्रेतों से बचाव करने वाले कई देवस्थानों से भी लोग आते हैं। यहां पर स्नान करने के बाद पुराने वस्त्र छोड़ जाते है व नए वस्त्र धारण करते हैं और पूजा-पाठ करके अपनी सिद्धियों को भी सिद्ध करते हैं। दरअसल वर्षों से चली आ रही इस परंपरा को आज भी लोग निभाते चले आ रहे हैं।

इन लोगों का मानना है कि भूतड़ी अमावस्या वर्ष में एक बार ही आती है। इसके लिए इस दिन मां नर्मदा में स्नान करना बेहद जरूरी होता है। इस दिन स्नान करने से जहां तन.मन में शुद्धता आती है तो वहीं बाहरी बाधाओं से भी मुक्ति मिलती है।

### मां बिजासन के दर्शन भी किए

नर्मदा स्नान के बाद श्रद्धालु मां बिजासन धाम सलकनपुर भी पहुंचे और यहां पर उन्होंने माता रानी के दर्शन किए। नवरात्रि से पहले सलकनपुर की भव्य साज-सज्जा भी की गई है। पद यात्रियों के लिए भी पैदल मार्ग पर लाइटिंग की व्यवस्था की गई है। नवरात्रि के अवसर पर सलकनपुर में सुबह शुभ मुहूर्त में घट स्थापना की जाएगी एवं हर दिन माता रानी का विशेष श्रृंगार किया जाएगा।

### प्रशासन रहा मुस्तैद

अमावस्या पर जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद रहा। अमावस्या से पहले जहां वरिष्ठ अधिकारियों ने आंवलीघाट सहित सलकनपुर एवं अन्य नर्मदा तटों का निरीक्षण किया तो वहीं अमावस्या पर प्रशासन एवं पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी मोर्चा संभाले रहे। जगह-जगह पुलिस बल तैनात किया गया। इसके साथ ही नर्मदा तटों पर होमगार्ड एवं एनडीआरएफ की टीम भी मुस्तैद रही। कलेक्टर बाला गुरु के, एसपी दीपक कुमार शुक्ला लगातार अधिकारियों से पल-पल का फीडबैक भी लेते रहे।

### सलकनपुर में भारी जाम, श्रद्धालु परेशान



अमावस्या पर स्नान व मां बिजासन के दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालुओं की भीड़ के कारण सलकनपुर में लंबा जाम लग गया। आंवलीघाट सलकनपुर मार्ग जाम ने श्रद्धालुओं को परेशान कर दिया। प्रशासन की व्यवस्था फेल होती नजर आई, जिसके चलते श्रद्धालुओं को घंटों धूप में परेशान होना पड़ा। पैदल यात्री और वाहन चालक दोनों ही जाम में फंसे रहे। श्रद्धालु प्रशासन से सुचारू व्यवस्था की मांग कर रहे।

## आज अग्रसेन जयंती के महोत्सव पर निकाली जाएगी भव्य शोभायात्रा



**सीहोर।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी शहर के बड़ा बाजार स्थित अग्रवाल धर्मशाला में अग्रवाल समाज के तत्वाधान में अग्रसेन जयंती का पावन पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस मौके पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के अलावा अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। वहीं सोमवार को भव्य शोभा यात्रा शहर के बड़ा बाजार स्थित सत्यनारायण मंदिर से निकाली जाएगी। यात्रा में स्पेशल बैंड और गाजे-बाजे रहेंगे। गत दिनों अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था। वहीं आनंद मेला और गरबा आदि भी किया गया। सोमवार को दोपहर तीन बजे भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी जो शहर के बड़ा बाजार स्थित भगवान सत्यनारायण मंदिर से निकाला जाएगा।

इस संबंध में जानकारी देते हुए महोत्सव के मीडिया प्रभारी पवन गुप्ता और अग्रवाल महिला मंडल की सचिव मोहिनी अग्रवाल ने बताया कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामचन्द्र जी के वंशज, अग्रकुल प्रवर्तक व समाजवाद के प्रणेता श्रीश्री 1008 महाराजाधिराज अग्रसेन जी की जयंती महोत्सव गत अत्यंत उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। महोत्सव में बच्चों और सभी वर्ग के लिए लक्की गेम, आनंद मेला, नृत्य प्रतियोगिता, जलवा पूजन के पगलिया बनाना, महिलाओं और युवतियों को परम्पराओं से जोडने के लिए अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इसका समापन सोमवार को भव्य रूप से किया जाएगा।

अग्रवाल समाज के समाज की ओर से अग्रवाल महिला मण्डल-अध्यक्ष रूकमणी रोहिला, उपाध्यक्ष प्रेमलता रूठिया कोषाध्यक्ष संध्या मोदी, सचिव मोहिनी अग्रवाल, सह सचिव ज्योति मोदी संचालक तारामणी अग्रवाल, मालती अग्रवाल, मंजू भरतिया, हेमा अग्रवाल, उषा अग्रवाल, मीना जयपुरिया संध्या कोली, अंजू अग्रवाल, ज्योति जयपुरिया

श्री श्रीकृष्ण अग्रवाल पब्लिक ट्रस्ट-अध्यक्ष दिलीप रूठिया, कोषाध्यक्ष गोविन्द मित्तल, सचिव विष्णुदयाल भरत्या न्यासीगण निलेश अग्रवाल, कमल अग्रवाल, कमलेश अग्रवाल, ओमप्रकाश अग्रवाल, राजकुमार गुप्ता, उमेश गुप्ता, राजेश अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल को शामिल किया गया है। आदि लोगों ने की है।

**अग्रवाल समाज प्रबंध समिति आदि का सहयोग :** अग्रसेन जयंती महोत्सव का आयोजन धूमधाम से किया जा रहा है। गत दिनों बैठक के दौरान महोत्सव को उत्साह के साथ मनाए जाने के लिए समाज की बैठक का आयोजन किया गया था। इसमें अग्रवाल समाज प्रबंध समिति, अग्रवाल महिला मंडल, श्री सत्यनारायण मंदिर ट्रस्ट, श्री कृष्ण अग्रवाल पब्लिक ट्रस्ट आदि के पदाधिकारी मौजूद थे।

## आखिरकार पकड़ा गया रहवासी क्षेत्र में घूमता मगरमच्छ, नर्मदा में छोड़ा



**बुधनी।** लगभग दो महीने से रहवासी क्षेत्र में विचरण कर रहे मगरमच्छ को वन विभाग द्वारा पकड़ लिया गया। रेस्क्यू के दौरान उसे रस्सियों ओर बांस के सहारे बांधकर रेस्क्यु टीम ने नर्मदा नदी में ले जाकर छोड़ा तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली।

उल्लेखनीय है कि कुछ दिनों पूर्व नगर में बुधनी घाट स्थित वीआईपी कालोनी के पास खेत में मगरमच्छ को देखा गया था इसके बाद आसपास के लोगों में दहशत फैल गई थी लगातार दो महीने से मगरमच्छ कभी खेत में आराम फरमाते देखा गया तो कभी सड़क किनारे नाली में तैरता हुआ दिखाई दिया जिसकी सूचना वन विभाग को दी गई थी इस दौरान एक बार मगरमच्छ सड़क किनारे देखा गया वन विभाग की टीम ने भी आसपास के लोगों को सतर्क रहने की बात कही थी।

कालोनी के आसपास उसकी मूवमेंट होने पर वन विभाग की टीम नजर बनाए हुए थी। कई बार मगरमच्छ को पकड़ने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली इसके बाद वन विभाग की रेस्क्यू टीम लगातार मगरमच्छ की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए थी। शनिवार रात करीब साढ़े सात बजे कालोनी परिसर के अंदर मगर को देखा गया इसके बाद हड़कंप मच गया जिसकी सूचना वन विभाग को दी गई जिसमे एसडीओ सुकृति ओसवाल और फारेस्ट ऑफिसर राजित द्विवेदी के निर्देशन में रेस्क्यु टीम को मगरमच्छ को पकड़ने के लिए रवाना किया गया जिसमें मौके पर पहुंची टीम ने स्थानीय लोगों की मदद से मगरमच्छ को काबू में किया मगरमच्छ की लंबाई क़रीब चार फिट बताई गई थी।

रेस्क्यु टीम में शामिल वन विभाग कर्मचारी मोहन पटेल, राजेंद्र चौहान सहित अन्य कर्मचारीयों ने क़रीब चार फिट लम्बे मगरमच्छ को रस्सियों से बांधकर नर्मदा नदी में छोड़ा दिया इसके बाद स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है।

## मुख्यमंत्री के आदेश के बावजूद सर्वे का कार्य यहां शुरू नहीं हुआ, अन्नदाताओं की मेहनत डूबी

# बरसात में सोयाबीन बर्बाद होने से किसान बेहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिले के किसान इन दिनों दोहरी मार झेल रहे हैं। पहले महापूर जैसी बारिश ने खेतों में खड़ी सोयाबीन की फसल को तहस-नहस कर दिया और अब लगातार हो रही वर्षा एवं जलभराव ने बची-खुची फसल भी बर्बाद कर दी। खेतों में पानी भरने से पक चुकी फलियां सड़ रही हैं और किसानों की मेहनत पूरी तरह डूब गई है।

किसान व समाजसेवी एमएमएस मेवाड़ा ने कहा कि ग्राम चंदेरी, बरखेड़ी, हीरापुर, कु ल्लास छोटी रामाखेड़ी, बमुलिया समेत कई गांवों के किसानों का कहना है कि खुलासी नदी में आई बाढ़ ने उनकी अंतिम उम्मीद भी छीन ली। जो 25 प्रतिशत फसल किसी तरह बची थी, वह भी पानी में डूब गई। किसान दिन-रात खेतों में घुटने घुटने पानी से अपनी फसल को बचाने की जद्दोजहद कर रहे हैं, लेकिन हालात हाथ से निकलते जा रहे हैं। किसानों और समाजसेवी एमएस मेवाड़ा की मांग है कि पिछले एक महीने से लगातार जिला प्रशासन से खराब फसल का सर्वे कर बीमा राशि दिलाने की मांग की जा रही है, मगर कोई सुनवाई नहीं हो रही। मुख्यमंत्री द्वारा शाजापुर जिले में हर गांव में फसल नुकसान का सर्वे कराने के आदेश दिए गए, जिसका पालन वहां हो भी रहा है। लेकिन सीहोर में पालन नहीं हो रहा केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी किसानों का प्रदर्शन की मांग पर कलेक्टर सीहोर को दूरभाष पर खराब फसलों के सर्वे करने एवं बीमा राशि दिल जाने के निर्देश दिया है, लेकिन जिला प्रशासन ने अभी तक तो सर्वे का आदेश नहीं दिया है अब देखना यह की मुख्यमंत्री कृषि मंत्री क्या आदेश का पालन जिला प्रशासन करता है या नहीं या यूं ही किसान की फसले बर्बाद होती रहेगी और किस रोता रहेगा। लेकिन सीहोर जिले में हालात उलट हैं।

मुख्यमंत्री के आदेश के बावजूद सर्वे का कार्य यहां शुरू नहीं हुआ है। किसानों का कहना है कि शिवराज सिंह चौहान का गृह जिला होने के बावजूद भी प्रशासन उनकी पुकार अनसुनी कर रहा है। किसानों का दर्द है कि सरकार और बीमा कंपनी की लापरवाही से उन्हें न तो मुआवजा मिल पा रहा है और न ही बीमा राशि। किसान हर हफ्ते ज्ञापन देकर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और केंद्रीय कृषि मंत्री से गुहार लगा रहे हैं कि जल्द से जल्द सर्वे कराया जाए और बीमा राशि दिलाई जाए। वरना पूरी मेहनत पर पानी फिर चुका है और किसानों का भविष्य अंधकार में डूबता जा रहा है।

### 24 को बुधनी रेलवे स्टेशन से तिरूपति तीर्थ यात्रा के रवाना होगी विशेष ट्रेन

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार 24 सितंबर से 29 सितंबर तक मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत तीर्थ यात्रियों को तिरूपति की तीर्थ यात्रा कराई जाएगी। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत सीहोर जिले के यात्रियों के लिए तिरूपति तीर्थ यात्रा ट्रेन का बोर्डिंग स्टेशन बुधनी है। जिले के सभी चयनित तीर्थ बुधनी रेलवे स्टेशन पहुंचेंगे और बुधनी रेलवे स्टेशन से तीर्थ यात्रा के लिए प्रस्थान करेंगे। कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार तीर्थ यात्रा के लिए चयनित सभी तीर्थ यात्रियों को बस द्वारा बुधनी रेलवे स्टेशन पहुंचाया जाएगा। इसके पश्चात बुधनी रेलवे स्टेशन से स्पेशल ट्रेन से तीर्थ यात्री तिरूपति की तीर्थ यात्रा के लिए रवाना होंगे। कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने सभी नगर पालिका, नगर परिषद एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्र के तीर्थ यात्रियों को निर्धारित समय पर जनपद कार्यालय में एकत्रित कर रेलवे स्टेशन भिजवाने की व्यवस्था करें।

**खबर संक्षेप**

## संभागीय वॉलीबॉल टीम का नेतृत्व करेंगी नगर की याचना सगवालिया



**इछावर।** नगर के माइंड्स आई इंटरनेशनल स्कूल में पढ़ने वाली छात्रा याचना सगवालिया ने संभाग स्तरीय बालिका वॉलीवाल प्रतियोगिता में भाग लेकर अपना परचम लहराया है। बालिका के श्रेष्ठ खेल प्रदर्शन को देखते हुए उसका चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है। बालिका के कोच गोलू वर्मा ने बताया कि आगामी समय में रीवा शहर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय जूनियर बालिका वॉलीवाल प्रतियोगिता में छात्रा याचना सगवालिया भोपाल संभाग टीम का नेतृत्व करेंगी। छात्रा की इस उपलब्धि पर स्कूल स्टाफ सहित कई गणमान्य लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए छात्रा को बधाई दी है। बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से स्कूल संचालक अजीत सिंह, प्राचार्य मनीषा यादव , संदीपनी स्कूल प्रभारी रवि शर्मा, ब्लॉक खेल समन्वयक आशा मोथले, पायल, हिमांशु शर्मा, गजेन्द्र नागर, धापू मेवाड़ा, राधेश्याम नागर आदि के नाम शामिल हैं।

## वार्षिक साधारण सभा का हुआ आयोजन



**सीहोर।** मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत संचालित एकता सीएफ बिलकिसगंज एवं महाराणा प्रताप बरखेड़ी के संयुक्त तत्वाधान में साधारण सभा का बैठक का आयोजन मंडी प्रांगण में किया गया। जिसमें दोनों संकुल के 45 ग्राम के 41 ग्राम संगठन के 500 से ज्यादा स्वयं सहायता सदस्य द्वारा प्रतिभा किया गया एवं दोनों सीएलएफ द्वारा किए गए वित्तीय व गैर वित्तीय कार्य का वाचन समस्त सदस्यों के सामने किया गया व समूह सदस्य द्वारा तैयार किए गए। स्वदेशी उत्पाद की प्रदर्शनी कार्यक्रम में लगाई गई। जिसमें घी, दाल, नमकीन, जैविक उत्पाद, जैविक कीटनाशी आदि तैयार किए गए थे। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम व सफलता की कहानी दीदीयों द्वारा पढक़र सुनाई गई। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह मेवाड़ा, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सूरसिंह बारेला एवं ग्राम पंचायत सरपंच प्रिया जांगड़ा व जिला परिणाम प्रबंधक दिनेश बरफा, जनपद पंचायत से जनक सिंह गोयल, हरनाम मेवाड़ा, रामभरोस प्रजापत उपस्थित रहे।

### अवैध शराब बनी महिलाओं का दर्द, शराब बेचने वालों के खिलाफ खोला मोर्चा, खुद की कार्रवाई करने खेतों में पहुंची

# जिम्मेदार हुए नतमस्तक तो 'मामा' खड़े रहे साथ महिलाओं ने मदिरा जब्त कर नालियों में बहाई

मामला तहसील के आदर्श ग्राम पंचायत गिल्लौर व शिवराज सिंह चौहान के गोदी गांव मनासा में खुलेआम अवैध कच्ची महुआ शराब व मादक पदार्थ पर महिलाओं का गुस्सा फूट पड़ा।






हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

तहसील भैरुंदा के आदर्श ग्राम पंचायत गिल्लौर और केंद्रीय कृषिमंत्री के गोद किए गांव मनासा के हालत गम्भीर है। जहां खुलेआम अवैध मादक पदार्थ और कच्ची महुआ शराब की बिक्री की जा रही है। जहा लाडली बहना परेशान है तो वहीं सरपंच सचिव भी माफियाओं के आगे नतमस्तक नजर आ रहे हैं। बीते बुधवार को चार गांवों की महिलाएं सहित ग्राम पंचायत गिल्लौर के सरपंच, सचिव और जनप्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में एसडीएम व थाना प्रभारी को शिकायती पत्र सौंपा गया और गावों ने हो रही अवैध शराब व मादक पदार्थ पर रोक लगाने की मांग की थी।

लेकिन महिलाओं को सब्र का बांध टूट पड़ा और शनिवार को संस्कार महिला आजीविका ग्राम संगठन व मातृशक्तियो का गुस्सा फूट पड़ा। महिलाओं ने पैदल चलकर नशा मुक्त अभियान चलाया और तीन गावों में खुलेआम अवैध कच्ची शराब व मादक पदार्थ स्थल पर धावा बोला। महिलाओं ने कई ठिकानों पर को बेची जा रही महुआ शराब को निकाल कर नालियों में वहांकर नष्ट कर समाज को संदेश दिया। अवैध कच्ची शराब खरीदने बेचने वालों पर महिलाओं का आक्रोश फूट पड़ा जिन्हें देख शराब तस्कर भी भाग निकले। महिलाओं ने उन्हें चेतावनी देते हुएं कहा कि गांव में अवैध शराब बेचने नहीं दिया जाएगा। क्योंकि बच्चे नशे के आदी हो रहे हैं और गावों में झगड़े का माहौल निर्मित होते रहता है। आबकारी विभाग कोई कार्रवाई नहीं करता। बीते बुधवार को इन सभी महिलाओं ने ट्रैक्टर पर सावर होकर एसडीएम कार्यालय पहुंचकर एसडीएम सुधीर कुशवाहा एवं थाना प्रभारी घनश्याम सिंह दांगी को नशा मुक्त गांव बनाने की मांग को ज्ञापन भी सौंपा था।

### अवैध शराब बनी महिलाओं का दर्द, खुद की कार्रवाई करने खेतों में पहुंची

शनिवार को उस वक्त महिलाओं का गुस्सा फूट पड़ा जब उनके सिर से पानी ऊपर आ गया। फिर क्या था सभी महिलाओं ने विचार विमर्श कर खुद ही कार्रवाई करने के लिए अवैध महुआ शराब के ठिकानों पर धावा बोल दिया। तीन गांव में पैदल चलकर जिन स्थानों पर अवैध कच्ची शराब विक्री हो रही थी उन सभी स्थानों से शराब को जप्त किया और नालियों में वहांकर नष्ट कर दिया। महिलाओ का कहना है कि काफी लंबे समय से महुआ शराब व मादक पदार्थ की खरीदी बिक्री चल रही है। इससे गांव का माहौल भी खराब हो रहा है। बच्चों से लेकर बड़े महुआ शराब पीकर आए दिन घर में मारपीट गाली-गलौज जैसी घटना को अंजाम दे रहे हैं।

ग्राम पंचायत गिल्लौर ,नयागांव ,मनासा , पड़ागांव, सेमलपानी सहित आस पास के गांवों में महुआ शराब और मादक पदार्थों की बिक्री से परेशान है। कई बार गांव में बैठक कर अवैध कच्ची महुआ शराब की बिक्री पर कार्रवाई को लेकर पंचायत में बैठक भी की गई। वहीं पुलिस प्रशासन को भी सूचना दी। लेकिन उसके बावजूद भी किसी तरह का अंकुश नहीं लग पा रहा है। मजबूर होकर अब उन्हें खुद इसके खिलाफ उतरना पड़ा। भोपाल से हरदा कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे केंद्रीय कृषिमंत्री शिवराज सिंह चौहान शनिवार को दोपहर भैरूंदा की ग्राम पंचायत गिल्लौर बस स्टैंड पर महिलाओं ने मिले।

इस दौरान ग्राम पंचायत गिल्लौर , मनासा , सहित अन्य गांवों की कई महिलाओं के साथ केंद्रीय कृषिमंत्री मामा शिवराज सिंह चौहान ने नशा मुक्त स्वच्छता मुक्त अभियान में सहभागिता की। मामा ने महिलाओं के साथ नशा व स्वच्छता मुक्त अभियान के बैनर तले फोटो भी खिंचवाई। वहीं महिलाएं बोली ग्राम पंचायत गिल्लौर , मनासा नयागांव, पड़ागांव, सेमलपानी सहित आस पास के गांवों में नशा मुक्त व स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य हर गांव को नशा मुक्त और स्वच्छता मुक्त करने का है।

## जहां लगाता था कचरे का अंबार, अब वहां दिखेगी हरियाली की बहार



**बुधनी।** पहले वार्ड क्रमांक 6 वन विभाग कार्यालय के पास कचरे का ढेर जमा रहता था,यहाँ से गुजरने वाले लोगों को दुर्गंध और गंदगी का सामना करना पड़ता था स्थानीय नागरिकों ने कई बार इसकी शिकायत की,लेकिन समस्या बनी रही अब नगर परिषद ने इसे एक चुनौती और अवसर के रूप में लिया है।"स्वच्छता ही सेवा"अभियान के अंतर्गत परिषद ने स्वच्छता रूपांतरण इकाई (सीटीयू) के रूपांतरण के लिए श्रमदान की योजना बनाई कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों और स्थानीय नागरिकों ने मिलकर सफाई अभियान शुरू किया हाथों में झाड़ और फावड़े लेकर सभी ने प्लास्टिक और गीले कचरे को अलग-अलग एकत्र किया फिर सूखा कचरा निस्तारण के लिए भेजा और गीला कचरा खाद बनाने हेतु निर्धारित किए गड्ढों में डाला,इसके बाद क्षेत्र में चूना,फिनाइल और ब्लिचिंग पाउडर का छिड़काव किया गया एवं इसी के साथ स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर अर्जुन मालवीय,मुख्य नगर पालिका अधिकारी संतोष रघुवंशी,सत्येंद्र जाट,धीरेंद्र तिवारी विनोद शिवहरे,नगर परिषद के अन्य अधिकारी कर्मचारी एवं फीडबैक फाउंडेशन टीम ने इसी स्थान पर पौधरोपण किया और शहर को स्वच्छ एवं हरा-भरा रखने का संकल्प लिया जिससे की स्थानीय लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ेगी इस मौके पर जनप्रतिनिधियों ने नगारिकों से अपील की है कि यहां वहां कचरा फेंकने के बजाय डस्टबिन और संग्रह वाहन में कचरा डालना चाहिए। यह उदाहरण अब नगर परिषद के अन्य वार्डों के लिए भी प्रेरणा बन रहा है।

## माइंड्स आई इंटरनेशनल स्कूल में अलंकरण समारोह आयोजित




**इछावर।** नगर के माइंड्स आई इंटरनेशनल स्कूल का सत्र 2025-26 के लिए अलंकरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने स्कूल के आदर्श वाक्य को सम्मान में रखने की शपथ ली । छात्र - छात्राओं ने संकल्प लिया कि वह पूरी लगन और निष्ठा के साथ बिना भेदभाव के स्कूल की कम्यूनिटी और समाज के लिए बेहतर करने की कोशिश करेंगे।

हम अपने हर प्रयास से हर क्षेत्र में स्कूल का स्तर बढ़ोंगे जरूरी बदलाव भी लाएंगे। हम स्वयं और हर विद्यार्थी द्वारा स्कूल की पूर्व गरिमा, अनुशासन और सकारात्मकता में को बनाए रखना अपना पहला कर्तव्य मानते हैं। समारोह में स्टूडेंट काउंसिल सत्र 2025-26 के लिए स्कूल की सांस्कृतिक, खेल आदि गतिविधियो के विभिन्न पद देकर जिम्मेदारिया सौंपी गई। समारोह का संचालन एमडी अजीत कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रिंसिपल मनीषा यादव सहित स्टाफ मौजूद था । इंकार नित्या राठौड़ श्रष्टि गुप्ता ने कार्यक्रम का संचालन किया।

**यह विद्यार्थी हुएं चयनित -** कार्यक्रमों के लिए विशेष रूप से निर्वाचित हेड गर्ल अर्पिता राठौर और हेड बॉय सुजल कालेश्रिया, असिस्टेंट हेड गर्ल दिव्यांशी नौरंगे असिस्टेंट हेड बॉय अंशुमान ठाकुर, कैप्टन अरावली हाऊस श्रद्धा विश्वकर्मा कैप्टन, व बाइस कैप्टन अभिजय सोनानिया विंध्याचल हाउस कैप्टन मिताली ठाकुर वाइस कैप्टन वंशिका गुप्ता हिमालय हाउस कैप्टन माही परमार वाइस कैप्टन याशी जायसवाल, नीलगिरी हाउस कैप्टन यशवी ठाकुर वाइस कैप्टन श्रेय राठौर कल्चर एक्टिविटी इंचार्च कैप्टन अन्वेष चंद्रवंशी वाइस कैप्टन ऋषिका राठौर स्पॉट एक्टिविटी इंचार्च कैप्टन हरिओम ठाकुर वाइस कैप्टन प्रार्थना ठाकुर डिसिप्लिन इंचार्ज अनन्या प्रजापति वाइस कैप्टन अंशुमान राजपुर है।

## बुनियादी साक्षरता मूल्यांकन परीक्षा में उत्साह के साथ शामिल हुए नवसाक्षर




**सीहोर।** सीहोर जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम में बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता परीक्षा का आयोजन शनिवार को उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस परीक्षा मे सीहोर जिले के सभी 5 विकासखंडो के 1501 परीक्षा केंद्रो में परीक्षा आयोजित की गई। इस परीक्षा में सीहोर जिले के 43430 नवसाक्षर शामिल किये जाने का लक्ष्य रखा गया था।

केन्द्र सरकार के निर्देशानुसार 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के असाक्षर व्यक्तियों को बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान प्रदान कर साक्षर करने के लिये उल्लास-नवभारत साक्षरता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रावधानों के अनुसार प्रदेश में साक्षरता दर बढ़ाने के लिये 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के ऐसे असाक्षरों को साक्षर करने के लिये उल्लास-नवभारत साक्षरता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिनमें यूनेस्को की परिभाषा अनुसार, मुद्रित एवं लिखित सामग्री का उपयोग करके पहचानने, समझने, व्याख्या करने, बनाने, संवाद करने और गणना करने की क्षमता नहीं है। देशभर में यह कार्यक्रम वर्ष-2022 से चल रहा है जो वर्ष-2027 तक संचालित किया जाएगा। कार्यक्रम में वर्ष में 2 बार ₹बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता मूल्यांकन परीक्षा आयोजित की जाती है। इस परीक्षा का समय प्रातः 10 से शाम 5 बजे तक था। इस परीक्षा के दौरान परीक्षार्थी अपनी सुविधा अनुसार केन्द्र पर उपस्थित होकर परीक्षा में शामिल हुए। जिला परियोजना समन्वयक श्री आरआर उईक ने बताया कि जिले के आष्टा विकासखण्ड के 393 केन्द्रों पर 12390 बुधनी विकासखण्ड के 194 केन्द्रों पर 4104, इछावर विकासखण्ड के 206 केन्द्रों पर 6741, भैरूंदा विकासखण्ड के 303 केन्द्रों पर 5166 एवं सीहोर विकासखण्ड के 405 केन्द्रो पर 11942 वयस्क नवसाक्षर परीक्षा में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में अभी तक 06 मूल्यांकन परीक्षाओं का आयोजन किया जा चुका है।

**उत्तीर्ण नवसाक्षरों को मिलेगा प्रमाण-पत्र :** नवभारत साक्षरता बुनियादी साक्षरता मूल्यांकन परीक्षा में उत्तीर्ण नवसाक्षरों को राष्ट्रीय मुक्तविद्यालयी संस्थान (एन.आई.ओ.एस.) द्वारा साक्षरता परीक्षा का प्रमाण-पत्र भी जारी किया जायेगा।

नवसाक्षरों को परीक्षा केन्द्र तक लाने में अक्षर साथी, सामाजिक संस्था, वरिष्ठ नागरिकों, एन.एस.एस., एन.सी.सी., भारत स्काउट गाइड, नेहरू युवा केन्द्र, जन अभियान परिषद और आमजन का भी सहयोग भी लिया गया। डीपीसी आरआर उईके के मार्गदर्शन में जिला सह समन्वयक, लखनलाल माहेश्वरी , बीआरसीसी अशोक वर्मा ,ब्लॉक सह समन्वयक गेंदराज विश्वकर्मा संकुल प्राचार्य डॉ. हेमलता राठौर, संकुल सह समन्वयक शशिकला पाण्डेय, द्वारा परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया।

### नगर पालिका में पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक हुई आयोजित

**सीहोर।** शनिवार को शहर के नगर पालिका सभाकक्ष में नवरात्रि और दशहरा पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक बुलाई। इस दौरान एसडीएम तनमय वर्मा ने बैठक ली। बैठक में नगर पालिका सीएमओ सुधीर सिंह, पुलिस अधिकारी, विद्युत कंपनी के अधिकारी सहित समाजजन विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक में जन प्रतिनिधि एवं उपस्थित लोगों ने कहा कि नगर में शांति बनाए रखने के लिए कृत संकल्प है। त्योहार आपसी भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक हैं। सभी समुदायों के लोग मिलजुल कर पर्व मनाएं। उन्होंने आयोजकों से अपील की कि पंडालों में आग से बचाव के उपकरण रखें, बिजली के तारों और जनरेटर की सुरक्षा सुनिश्चित करें, ताकि कोई दुर्घटना न हो। वही सीएसपी ने कहा कि कानून के अनुसार सब अपना कार्य करें ताकि किसी को परेशानी का सामना करना ना पड़े। इस अवसर पर आयोजन समिति और समाजजन, क्षेत्रवासी शामिल थे।

### बुधनी से संदलपुर तक बनने वाले नेशनल हाईवे में कई जगह परेशानियां

# कठिन है डगर, उस पर होगा आस्था का सफर !



हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी

नवरात्रि के दौरान मां बिजासन धाम सलकनपुर तक पदयात्रा करने वाले श्रद्धालु सहित वाहनों से आने वाले भक्तों के लिए डगर कठिन रहेगी। इस डगर पर ही उन्हें आस्था का सफर भी तय करना पड़ेगा। ऐसा इसलिए कहा जा रहा है, क्योंकि सलकनपुर से रेहटी एवं रेहटी से संदलपुर तक बन रहे नेशनल हाईवे के निर्माण में कई तरह के पेंच हैं। हालांकि बुधनी से भैरूंदा तक सड़क निर्माण काफी हद तक हो गया है एवं जो हिस्सा बचा है वह निर्माण एजेंसी के पास नहीं है। इसी तरह इसी सड़क में से कुछ-कुछ हिस्सा पीडब्ल्यूडी के पास भी है। रेहटी से संदलपुर तक रोड की स्थिति बेहतर नहीं है। इतना सब होने के बाद भी अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसियों का दावा है कि नवरात्रि के लिए सड़कों को दुरूस्त कर दिया गया है। टीम को भी पूरी तरह से मुस्तैद रखा गया है, जहां भी परेशानियां आएंगी वहां पहुंचकर तुरंत सुधार कार्य किया जाएगा। इधर बुधनी एसडीएम डीएम तोमर, एसडीओपी रवि शर्मा, एसडीओ एनएचए सीहोर नीतू पटेल, सैपर्स कंस्ट्रक्शन के प्रोजेक्ट मैनेजर कमल चौहान सहित अन्य जिम्मेदारों ने सड़क का भ्रमण करके निरीक्षण भी किया है। इस दौरान जो निर्देश दिए गए हैं उन्हें पूरा कराया जा रहा है।

### 90 किलोमीटर का सफर चुनौतीपूर्ण!

बुधनी से भैरूंदा एवं भैरूंदा से संदलपुर तक करीब 90 किलोमीटर का सफर श्रद्धालु-भक्तों के लिए किसी चुनौती से कम नहीं होगा। दरअसल बुधनी से भैरूंदा तक का निर्माण पहले चरण में चल रहा है। इस 47.3 किलोमीटर की सड़क को सैपर्स कंस्ट्रक्शन द्वारा बनाया जा रहा है। इसमें पांच बायपास बनने हैं, जो भैरूंदा, सतराना, सलकनपुर-रेहटी, बायां, देवगांव से निकलेंगे। हालांकि इस 47.3 किलोमीटर में से कुछ हिस्सा दूसरी कंपनी को दिया गया है, जो फोरलेन का निर्माण कार्य करेगी। इसके कारण सैपर्स कंस्ट्रक्शन वहां निर्माण नहीं कर रही है। सड़क निर्माण की लागत करीब 149 करोड़ रूपए है। वहीं दूसरे चरण के लिए भैरूंदा से संदलपुर तक करीब 43 किलोमीटर सड़क का टेंडर हो चुका है। हालांकि अभी निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है। नवरात्रि से पहले इस सड़क पर करोड़ों रूपए की लागत से पेंचवर्क कराया गया है, लेकिन वह भी ठीक से नहीं हुआ है। इसके कारण इस सड़क पर श्रद्धालु-भक्तों को ज्यादा मशक्कत करनी पड़ेगी।

### अफसरों ने किया कंपनी के अधिकारियों के साथ मार्ग का निरीक्षण

नवरात्रि पर्व को लेकर पिछले दिनों बुधनी एसडीएम दिनेश सिंह तोमर, एसडीओपी रवि शर्मा, एसडीओ एनएचए नीतू पटेल, प्रोजेक्ट मैनेजर सैपर्स कंस्टक्शन कमल चौहान सहित अन्य जिम्मेदारों ने नेशनल हाईवे का निरीक्षण किया है। इस दौरान जहां-जहां परेशानियां थीं उसे दुरूस्त करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा सड़क पर उड़ रही धूल के लिए पानी का छिड़काव करने के निर्देश भी दिए गए हैं। एसडीएम ने कंपनी के अधिकारियों से कहा है कि जहां पर परेशानियां हैं उसे पहले दुरूस्त करें।

### ये बोले जिम्मेदार

नवरात्रि के दौरान सलकनपुर आने वाले श्रद्धालु-भक्तों को पदयात्रा एवं सड़क मार्ग से सफर करने में कोई परेशानियां न आए, इसको लेकर निर्माणाधीन सड़कों को दुरूस्त करवाया गया है। जहां-जहां गड्ढे थे उन्हें भरवाया गया है। जरूरत के अनुसार सड़कों पर पानी का छिड़काव भी कराया जाएगा। इसके साथ ही हमारी टीम पूरी तरह से मुस्तैद है, जहां भी परेशानियां आएंगी उन्हें तुरंत दुरूस्त कराया जाएगा।

- **एसएल रोहितास्व**, एसडीओ बुधनी, पीडब्यलूडी

बुधनी से भैरूंदा तक बन रहे एनएचए 146बी का ज्यादातर कार्य हो चुका है। सड़क का कुछ हिस्सा हमारे पास अब नहीं है उसे दूसरी कंपनी को दे दिया गया है। ज्यादातर रोड का हिस्सा बन चुका है। बायपास भी लगभग तैयार हैं। नवरात्रि को लेकर अधिकारियों ने विभाग की टीम के साथ सड़क का निरीक्षण भी किया है। जो निर्देश दिए गए हैं उन्हें भी पूरा कर दिया गया है। पदयात्री एवं वाहनों से आने वाले श्रद्धालु-भक्तों को कोई परेशानी न आए इसके पूरे प्रयास हैं।

- **कमल चौहान**, प्रोजेक्ट मैनेजर, सैपर्स कंस्ट्रक्शन, भोपाल

बुधनी से भैरूंदा तक एनएचए146-बी का कार्य चल रहा है। ज्यादातर सड़क का निर्माण कार्य हो चुका है, वहीं कई जगह निर्माण कार्य अभी चल रहा है। नवरात्रि को लेकर जहां सड़कें नहीं बनी हैं वहां पर टेम्प्रेरी व्यवस्था की गई है। पदयात्रियों के लिए अलग से मार्ग बनवाया गया है तो वहीं वाहनों के लिए अलग से है। पेंचवर्क भी करा दिया गया है। धूल के लिए लगातार पानी का छिड़काव किया जाएगा।

- **नीतू पटेल**, एसडीओ एनएचए, सीहोर

भैरूंदा से संदलपुर तक नवरात्रि को लेकर पेंचवर्क कराया गया है। गड्ढों को भरवा दिया गया है। सड़क पर धूल के लिए पानी का छिड़काव कराया जाएगा। श्रद्धालु-भक्तों को कोई परेशानी न आए, इसके पूरे-पूरे प्रयास हैं।

- **नीरज सराठे**, सब इंजीनियर, एनएचए

## उत्कृष्ट विद्यालय में शिक्षकों का एक दिवसीय विषयवार प्रशिक्षण संपन्न



**सीहोर।** स्थानीय, शासकीय उत्कृष्ट उमावि. क्रमांक 1, सीहोर में एक दिवसीय विषयवार प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को उनके विशिष्ट विषयों में अद्यतन ज्ञान और शिक्षण कौशल का विकास किया जाकर, हार्ड स्पॉट को सॉफ्ट बनाना है, ताकि छात्र की विषय संबंधित समझ स्थापित हो सके। प्रशिक्षण दिनांक 18 सितंबर से 20 सितंबर 2025 तक आयोजित किया गया। जिसमें अंग्रेजी विषय में 50 शिक्षक, विज्ञान में 60, हिंदी में 33, गणित में 57, संस्कृत में 52, सामाजिक विज्ञान विषय में 55 शिक्षकों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम की रूपरेखा प्रथम दिवस सर्वप्रथम पंजीकरण सुबह 9:30 बजे कर ,उद्घाटन सत्र 10:00 बजे, जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर के मागदर्शन में तथा डी पी सी, आर आर उईके, एपीसी, संजय सिंह जादौन, नोडल अधिकारी व जिला समन्वयक प्राचार्य सुनीता जैन मैडम, प्रशिक्षण प्रभारी दिनेश मेवाड़ा द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर, और माल्यार्पण व शिक्षकों द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर नोडल अधिकारी सुनीता जैन मैडम ने शिक्षकों को संबोधित कर प्रशिक्षण के उद्देश्य बताए। शिक्षक प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनरों द्वारा विषय वार प्रशिक्षण दिया गया जिसमें सर्वश्री जगदीश वर्मा अंग्रेजी, विजय वर्मा विज्ञान रमेश चंद्र हिंदी, नरेंद्र नामदेव, गणित, जितेंद्र शर्मा संस्कृत, सामाजिक विज्ञान में सम्राट ढोके सर, द्वारा प्रभावपूर्ण प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में इंटरएक्टिव चर्चा, प्रेजेंटेशन, एनसीईआरटी की किताबों पर छात्र अत्यधिक समय देकर रीडिंग हैबिट करें। प्रशिक्षण को सुगम बनाने के लिए, टी ब्रेक, भोजन अवकाश भी रखा गया।

प्रशिक्षण के समापन अवसर पर, उत्कृष्ट सीहोर प्राचार्य सुनीता जैन, प्रशिक्षण प्रभारी दिनेश मेवाड़ा, डॉ. राजेंद्र देशमुख, एन. एस. एस. ऑफिसर देवेंद्र कुमार राय उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन डॉ. देवेंद्र साहू, के द्वारा किया। उपस्थित सभी मास्टर ट्रेनर्स व सीहोर और इछावर विकास खण्ड के शिक्षकों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## किसान न्याय यात्रा की सभा में केंद्र व प्रदेश सरकार पर गरजे कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष

# कर्ज का ब्याज चुकाने के लिए कर्ज ले रही है भाजपा सरकार: जीतू पटवारी

### नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी सहित वरिष्ठ इंकाजन रहे मौजूद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

कांग्रेस पार्टी द्वारा शनिवार को राजगढ़ मुख्यालय पर किसान न्याय यात्रा एवं वोट चोर गद्दी छोड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यात्रा के पूर्व स्थानीय मंगल भवन में आयोजित सभा में सैंकड़ों किसानों व इंका कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए किसानों के साथ हो रहे अन्याय पर जमकर गरजे। उन्होंने कहा कि फसल बीमे के नाम पर न केवल राजगढ़ बल्कि बल्कि पूरे प्रदेश में किसानों के साथ धोखा किया गया है। बीमा राशि के रूप में किसी किसान के खाते में 100 तो किसी के 200 रुपए आए हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का तिलिस्म अब टूटता जा रहा है। प्रदेश सरकार पर लगातार बढ़ते जा रहे कर्ज को लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि एक मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी है कि कैसे प्रदेश का कर्ज कम करूं, अधिकारियों के साथ बैठूं और प्रदेश को कर्ज से मुक्ति दिलवाने का प्रयास करूं। लेकिन इस भाजपा सरकार में तो पूरा प्रदेश लगातार कर्ज में डूबता जा रहा है। लेकिन यहां तो प्रदेश की भाजपा सरकार कर्ज लेकर उस कर्ज का ब्याज चुकाने के लिए कर्ज ले रही है।





#### जिले से दो-दो मंत्री फिर भी गरीब परेशान

पटवारी ने आगे कहा कि भाजपा सरकार में राजगढ़ जिले से दो मंत्री बनाए गए हैं। लेकिन मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि इनके मंत्री बनने से जिले को क्या नई उपलब्धि मिली या किसानों को क्या फायदा हुआ। हमारे पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह हैं जो महज अभी राज्यसभा के सांसद हैं इसके बावजूद उनका व्यक्तित्व राजगढ़ के विकास और सेवा में कमी नहीं रखता है।

#### किसानों को दोगुनी आय तो नहीं पर लाठियां जरूर मिलीं

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री कहते हैं कि हम किसानों की आय दोगुनी करेंगे। किसानों की आय तो दोगुनी नहीं हुई पर उन्हें लाठियां जरूर खानी पड़ रही हैं। आज प्रदेश का युवा परेशान है। लाड़ली बहनों से वादा किया गया था कि उन्हें 3 हजार रुपए प्रतिमाह देंगे लेकिन सिर्फ 1250 रुपए ही दिए जा रहे हैं। सिंघार ने कहा कि आपके जिले के मंत्री ठीक से पढ़ नहीं पाते। उन्होंने विधानसभा में एक आंकड़ा प्रस्तुत किया था उसी से समझा जा सकता है कि जिसे पढ़ना नहीं आता क्या आप उन्हें फिर से जिताएंगे।

#### 2028 में जाने वाली है भाजपा की सरकार

पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि इस भाजपा सरकार के काम ऐसे हैं कि 2028 के विधानसभा चुनावों में इनकी बिजली गुल होने वाली है। उन्होंने कहा कि कई सालों से प्रदेश की मंडियों में चुनाव नहीं करवाए गए क्योंकि चुनाव करवाने से भाजपा के दलालों का धंधा बंद हो जाता। हर जगह भाजपा के दलाल बैठे हुए हैं। सभा को कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रियवृत सिंह सहित वरिष्ठइंकाईयोंए पूर्व विधायक सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी संबोधित किया।

यात्रा में लगे वोट चोर गद्दी छोड़ के नारे सभा उपरान्त किसान न्याय निकाली गई जो बाईपास होते हुए कलेक्टेट पहुंची। यहां अपनी मांगों से संबंधी ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा गया।

**खास बातें**

- सभा के पूर्व किया गया गौ पूजन।
- निर्धारित समय से 2 घंटे देरी से शुरू हुई सभा।
- सभा में कई किसान बर्बाद सोयाबीन के पौधे लेकर पहुंचे।
- जिले की एक विधानसभा में लाखों का जुआ चलने का आरोप।
- पुख्ता रही पुलिस प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था।
- यात्रा के दौरान इंका जिला उपाध्यक्ष रघु परमार की तबीयत बिगड़ी।
- परमार को आईसीयू में किया गया भर्ती, कलेक्टर, एसपी पहुंचे।

## बाल विवाह एक अभिशाप विषय पर संवाद कार्यक्रम आयोजित

# सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरुकता के लिए ग्रामवासियों से किया संवाद



**सारंगपुर।** सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को शासकीय स्वामी विवेकान्द महाविद्यालय में सामाजिक कुरीतियों के प्रति ग्राम वासियों को जागरूक करने के उद्देश्य से ग्राम काकरिया मीना में बाल विवाह एक अभिशाप विषय पर संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बाल विवाह जैसी कुरीतियों समाज के लिए अभिशाप है इस बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य प्रीतम गुनवा ने कहा कि बाल विवाह कानूनी अपराध है।

बाल विवाह प्रतिबंध अधिनियम 2006 के अनुसार विवाह के लिए वधू की आयु 18 वर्ष एवं वर की आयु 21 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। कार्यक्रम नोडल अधिकारी डॉ अरुणा सोलंकी ने कहा कि बाल विवाह से लड़कियों की शिक्षा बाधित होती है और इन्हें भविष्य में करियर के अवसर नहीं मिल पाते हैं। कार्यक्रम प्रभारी डॉ अर्चना वर्मा ने बाल विवाह को लड़कियों के जीवन कल्याण और भविष्य के लिए बड़ा खतरा बताया। इस संवाद कार्यक्रम में डॉ विमल लोदवाल, डॉ वसीम शेख, डॉ फारूक पठान एवं महाविद्यालय छात्र छात्राओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। साथ ही भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत हिंदी साहित्य पर केंद्रित प्रश्न मंच का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रमो की श्रृंखलाओं का आयोजन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ ममता खोईया के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहे हैं।

प्रश्न मंच कार्यक्रम में विद्यार्थियों की पांच टीमों में विभाजित कर विभिन्न विधाओं से संबंधित प्रश्न मंच का आयोजन किया गया कार्यक्रम में टीम। प्रथम स्थान पर रही जिसमें ज्योति रुहेला बीएससी प्रथम वर्ष, ज्योति सेन बीएससी प्रथम वर्ष, निकिता रुहेला बीएससी प्रथम वर्ष रही। कार्यक्रम का संचालन प्रोण्प्रीतम गुनावा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान डॉ विमल लोदवाल, डॉ मो वसीम शेख, डॉ अर्चना वर्मा, डॉ अरुणा सोलंकी, डॉ दीपिका जोशी, डॉ फारूक पठान एवं बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## नगर परिषद खुजनेर ने नशा मुक्ति अभियान की शुरुआत की



**खुजनेर।** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अंतर्गत को नगर परिषद खुजनेर द्वारा नशा मुक्ति अभियान अंतर्गत शासकीय मॉडल स्कूल में नशा मुक्ति हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। जिसने समस्त विद्यार्थियों को स्वच्छता के प्रति एवं नशे से होने वाले दुष्प्रभावों को बताया साथ ही स्वच्छता ही सेवा अभियान के बारे में जागरूक किया गया। अभियान में प्रतिदिन होने वाली गतिविधियों से अवगत कराया गया। इसी श्रृंखला में स्वच्छता निबंध लेखनए स्वास्थ्य परीक्षणए श्रम दान आदि कार्य कराए जाने हैं, जिसमें मुख्य नगर पालिका अधिकारी कृष्णकांत शर्मा प्राचार्य अशीष गुप्ता समस्त स्कूल स्टाफ एवं समस्त नगर परिषद स्टाफ उपस्थित रहे।

## धीरे धीरे लुप्त होती जा रही है यह धार्मिक परंपरा

# संझावली के रूप में लोक संस्कृति को जीवंत रख रही कन्याएं



**राजगढ़।** पाश्चात्य संस्कृति के अंधानुकरण एवं आधुनिकीकरण की दौड़ में हम प्राचीन भारतीय परंपरा और संस्कृतियों को भूलते जा रहे हैं। इन परंपराओं के पीछे न केवल धार्मिक बल्कि कईं वैज्ञानिक कारण भी जुड़े हुए हैं। इन्हीं परंपराओं में से एक संझावली है जिसे ग्रामीण सहित नगरीय क्षेत्रों की कईं बालिकाएं एवं किशोरियां जीवंत करने के प्रयासों में जुटी हुई हैं।

संझावली के लिए शाम के लिए कन्याएं एवं किशोरियां पारंपरिक लोकगीतों के साथ अपने घर की दीवारों पर गोबर या रंगों से संझावली तैयार करती हैं। बाद में संझावली माता को विभिन्न तरह के प्रसादों का भोग भी अर्पित किया जाता है। भाटपुरा गांव निवासी सलोनी राणावत एवं रागिनी राणावत ने बताया कि आधुनिक दौर में हम कितने भी आगे निकल जाएं लेकिन हमें अपनी प्राचीन संस्कृति, परंपरा एवं लोक कलाओं को नहीं बिसरना चाहिए।

#### एक पखवाड़े तक बनाई जाती है संझावली

संझावली को लेकर कईं कथाएं प्रचलित हैं। श्राद्धपक्ष के पहले दिवस से घरों की दीवारों पर बालिकाओं द्वारा गोबर या रंगों से विभिन्न तरह के चित्र उकेरे जाते हैं। श्राद्धपक्ष के समापन उपरान्त अमावस पर कोट बनाते हुए पूजा.अर्चना कर विसर्जन किया जाता है। बहुदा कुंवारी कन्याओंए बालिकाओं द्वारा संझावली बनाई जाती है ताकि उन्हें अच्छा वर मिले एवं परिवार में सुख, शांति, समृद्धि का आगमन हो।

## शिव महिमा प्रसंग का किया रसपान



**जीरापुर।** नगर के अटल चौक में आयोजित अंतिम दिवस की शिवमहापुराण कथा में पंडित अनुराग शर्मा आचार्य ने संगीतमय शिव प्रसंगों का चित्रण कर बताया कि धर्म संस्कृति हमें अच्छाई का रास्ता बताती है, लेकिन वर्तमान समय में मोबाइल में कुछ बच्चे ऐसे व्यस्त रहते हैं जो हमारे त्यौहार की पुजा अर्चना श्राद्ध में पूर्वज पूजा सेवा में जाने से कतराते हैं, जबकि हमें आवश्यकता है हमारे धार्मिक आयोजन में सहभागिता निभाने की हमारे नगर के आसपास अनेकों धार्मिक स्थल सुंदरकांड समितियां है जो धर्म की ओर प्रेरित हमें करती है उनसे बच्चों को जोड़े ताकि बच्चों में भारतीय संस्कृति सहित धार्मिक आस्था बढ़े ऐसा आव्हान किया। बिलेश्वर महादेव की महिमा बताते हुए कहा कि शिवरात्रि सोमवार प्रदोष काल में यदि विलेश्वर महादेव का अभिषेक करते हैं तो बिलेश्वर महादेव उनकी मनोकामना पूरी करते हैं। इस आयोजन में प्रमुख रूप से नगर परिषद सीएमओ हरीओम शर्मा, राकेश गुप्ता भानपुरा, उपाध्यक्ष हेमन्त जोशी, विष्णु जोशी, समाजसेवी दिनेश जमींदार, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, पं अनुराग शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।


## खो-खो प्रतियोगिता में प्रदेश स्तर पर छात्र का हुआ चयन



**जीरापुर।** महर्षि पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल के छात्र देवेंद्र नाथ का खो खो प्रतियोगिता में प्रदेश स्तर पर चयन हुआ। छात्र देवेंद्रनाथ पिता श्रीनाथ कक्षा 11वीं ने राज्य स्तरीय खो खो प्रतियोगिता छत्तीसगढ़ में आयोजित हुई जिसमे अपनी टीम के साथ मिलकर दूसरा स्थान प्राप्त किया। देवेंद्र हमेशा से खेल मे रूचि रखकर बड़ चढ़ कर हिस्सा लेता आ रहा है संस्था परिवार ने छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर संस्था अध्यक्ष दिनेश जमींदार संस्था प्राचार्य दिनेश गुर्जर ए संचालक शिवचरण दांगी ने छात्र का उत्साह वर्धन के लिए बेच एवं प्रमाण पत्र दिया। खेल शिक्षक महेंद्रसिंह, रामेश्वर बरदानिया, दिलीप राठौर, राजेश शर्मा, पवन दांगी, रामेश्वर हरदनिया, संजय गोंड़, शैलेश जुलानिया, कृष्णपाल, राधेश्याम, कमल सिंह किरार, अंकुश भावसार, कृपाल सोलंकी, तय्यबा कुरैशी आदि शिक्षक शिक्षिकाओ ने उज्जवल भविष्य की कामना की।

## गेहूंखेड़ी रोड पर पुलिया के पास से एक तस्कर गिरफ्तार, पांच किलो गांजा जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



सिविल लाइन पुलिस ने एक युवक को गांजा तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया है। उसके पास से 5 किलो 100 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। जब्त गांजे की अनुमानित कीमत करीब 70 हजार रुपए बताई जा रही है।

सिविल लाइन थाना प्रभारी आरके मिश्रा को सूचना मिली थी कि एक युवक बड़ी मात्रा में गांजा लेकर गेहूंखेड़ी रोड पुलिया की ओर जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी कर आरोपी को मौके पर ही पकड़ लिया। आरोपी के बैग की तलाशी लेने पर उसमें से भारी मात्रा में गांजा बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपी की पहचान राजकुमार जाटव (35) निवासी पुरनपुरा गली नंबर-3, विदिशा के रूप में हुई है।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने स्पष्ट किया है कि जिले में नशे के अवैध कारोबार में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। इस तरह की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

## आठ पेटी अवैध शराब सहित दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



सिविल लाइन पुलिस ने आठ पेटी अवैध शराब और हुंडई कार सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

मुखबिर की सूचना पर बाईपास अहमदपुर रोड पर दबिश देकर पुलिस ने एक हुंडई कार को रोका। मौके पर 2 आरोपी भागने का प्रयास कर रहे थे, जिन्हें घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तार आरोपी बृजेश लोधी (28), निवासी चक पाटनी, ग्यारसपुर, अतुल शर्मा (23) निवासी ग्राम नादौर ग्यारसपुर के पास से देशी प्लेन शराब 8 पेटी जब्त की गई है।

## बाराद्वारी से पांडव चौराहे तक सड़क का निरीक्षण, 10 मीटर होगी चौड़ाई



**नरसिंहगढ़।** नगर में बन रही सिटी पोर्सन सड़क निर्माण का शनिवार को विधायक मोहन शर्मा ने पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। इस दौरान बाराद्वारी से पांडव चौराहे तक नागरिकों की समस्याओं को देखते हुए सड़क की चौड़ाई कम किये जाने का निर्णय लिया गया। जानकारी के अनुसार करीब 24 करोड़ रुपये की लागत बन रही इस सड़क की चौड़ाई 55 फीट प्रस्तावित थी, लेकिन बाराद्वारी क्षेत्र में लोगों की संपत्ति को अधिक नुकसान होने की आशंका को देखते हुए सड़क की चौड़ाई घटाकर 10 मीटर कर दी गई है। निरीक्षण के दौरान विधायक ने अधिकारियों को कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिए जाने और जल्द निर्माण कार्यों को पूरा किए जाने के निर्देश दिए। विभाग के ईई दीपक उपाध्याय, एसडीओ अरुण कुमार श्रीवास्तव सहित आमजन मौजूद थे।

## सेवा पखवाड़े में रक्तदान शिविर आयोजित, 40 यूनिट रक्त संकलित



**नरसिंहगढ़।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा सेवा पखवाड़े के अंतर्गत शनिवार को सिविल अस्पताल परिसर में विधानसभा स्तरीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में युवाओं ने उत्साहपूर्वक स्वेच्छा से रक्तदान किया। शिविर की शुरुआत में विधायक मोहन शर्मा ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रक्तदान एक महादान हैए जिससे अनेक जरूरतमंद मरीजों का जीवन बचाया जा सकता है। आयोजन में विधायक प्रतिनिधि सुदीप शर्मा, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह परमार, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष, भरत झवर, नितेश अग्रवाल, कपिल वैध सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं आमजन मौजूद रहे। शिविर में 40 यूनिट रक्त संकलित किया गया। जिसे जरूरतमंद मरीजों को जीवनदायी रूप में उपलब्ध कराया जाएगा। जिले से आई स्वास्थ्य विभाग की टीम ने रक्तदान करने वाले युवाओं को प्रशस्ति पत्र भेंट किया।

## स्वच्छता सेवा पखवाड़ा अभियान अंतर्गत नप सुठालिया का अभियान

# सुठालिया के अलग अलग वार्डों में हुई साफ-सफाई




**सुठालिया।** शनिवार को स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान अंतर्गत सुबह 10 बजे वार्ड क्रमांक 13, 14, 15 परलापुरा मुक्ति धाम में लगे पौधों की कांट छांट पेवर ब्लॉक की स्वच्छता सेवा पखवाड़े अभियान अंतर्गत श्रमदान एवं सफाई अभियान चलाया गया।

अभियान के अंतर्गत मुख्य नगर पालिका अधिकारी रईस खान के निर्देश अनुसार स्वच्छता पर्यवेक्षक व स्वच्छता ही सेवा नोडल कुलदीप सिंह राठौरए पार्षद प्रतिनिधि रामबाबू कुशवाह पत्रकार मुकेश नामदेव सहायक नोडल दीपेश नामदेवए जनभागीदारी से मनोज वर्मा देवेंद्र कुम्हार, सहित नपा कर्मी सफाई कर्मचारी श्रमदान कर सफाई कार्य किया साथ ही स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े अभियान ओर प्रधान मंत्री आवास योजना 2025 के अंतर्गत योजना से वंचित पात्र हितग्राहियों को ऑनलाइन आवेदन करवाए जाने के लिए घर घर संपर्क अभियान भी किया गया।

## नगरपालिका ने किल्ले वाले घाट व शहीद कॉलोनी की सफाई करवाई



**ब्यावरा।** स्वच्छता सेवा पखवाड़ा अंतर्गत नगर पालिका ब्यावरा द्वारा नगर के किल्ले वाले घाट एवं शहीद कॉलोनी स्थित कचरे के ढेर की समुचित साफ सफाई कराई गई। 18 सितम्बर को मुख्य नगर पालिका अधिकारी इकरार अहमद के निर्देशन में स्वच्छता सेवा पखवाड़ा अंतर्गत नगर पालिका ब्यावरा के स्वच्छता अमले द्वारा इन्दौर नाका स्थित किल्ले वाले घाट एवं शहीद कॉलोनी में कचरे के ढेर की समुचित साफ सफाई कराई गई। मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा बताया गया कि नगर में साफ सफाई का कार्य स्वच्छता सेवा पखवाड़ा की कार्य योजना अनुसार सुचारू रूप से निरन्तर जारी रहेगा।

## एसबीएस कॉलेज तलेन में निःशुल्क ड्राइविंग लाइसेंस शिविर आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तलेन

एसबीएस महाविद्यालय तलेन एवं पुलिस प्रशासन तलेन के तत्वावधान में नि शुल्क ड्राइविंग लाइसेंस बनाने शिविर शनिवार को आयोजित किया गया। जिसमें 300 से अधिक छात्राओं ने अपने ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए आवेदन किया। जिसमें थाना प्रभारी मेहताब सिंह चैहान ने यात्राओं को ड्राइविंग लाइसेंस बनवाकर तथा हेलमेट पहनकर वाहन चलाने के निर्देश दिए। उक्त कार्यक्रम में का संचालन गायत्री प्रजापति ने किया तथा कॉलेज संचालक नंदकिशोर यादव ने आभार व्यक्त किया। छात्र छात्राओं को यातायात के नियम से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में तलेन थाने से स्टाफ एवं महाविद्यालय से अंकित शर्मा, प्रीतम विश्वकर्मा, गोविंद प्रजापति, हरिओम लववंशी, लखन कुशवाह, निकिता यादव उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

## मरीह माता मंदिर में नौ दिन जलेगी अखंड ज्योत

**सीहोर**। नौ दिनी शारदीय नवरात्र पर्व सोमवार से मनाया जाएगा। मंदिर में नौ दिन अखंड ज्योत जलेगी, हवन-पूजन और अनुष्ठानों के साथ बड़े पैमाने पर गरबा खेला जाएगा। माता मंदिर में नित नवीन श्रृंगार किया जाएगा। शहर के विश्रामघाट स्थित प्रसिद्ध मरीह माता मंदिर में इन दिनों नवरात्रि पर्व को लेकर तैयारियां पूर्ण हो गई है। मंदिर के व्यवस्थापक गोविन्द मेवाड़ा, रोहित मेवाड़ा, जितेन्द्र तिवारी, मनोज दीक्षित मामा, उमेश दुबे सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर में पर्व को लेकर विचार-विमर्श किए। इस मौके पर व्यवस्थापक रोहित मेवाड़ा ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी नवरात्रि का पर्व आस्था और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। यहां पर सुबह हवन-पूजन के पश्चात आरती की जाएगी, इसके अलावा प्रतिदिन देवी का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। वहीं महाष्टमी को परम्परानुसार रात्रि बारह बजे महानिशा आरती और नवमीं पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। भंडारे में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। जिला संस्कार मंच के मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि नवरात्रि का पर्व मां दुर्गा के भक्तों के लिए बहुत खास होता है। नवरात्रि के नौ दिन मां भवानी के नौ स्वरूपों की विधिवत पूजा की जाती है। आश्विन मास के शुक्ल पक्ष में शक्ति उपासना का महापर्व शारदीय नवरात्र सोमवार को कलश स्थापना के साथ होगा। इस दिन से घरों से लेकर पूजा पंडालों में दुर्गा सप्तशती का पाठ आरंभ हो जाएगा। उन्होंने कहा कि नवरात्रि के पहले दिन व्रती द्वारा व्रत का संकल्प लिया जाता है. इस दिन लोग अपने सामर्थ अनुसार 2, 3 या पूरे 9 दिन का उपवास रखने का संकल्प लेते हैं। मंदिर में दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते है।

### अंतिम सफर भी नहीं आसान, बदहाल सड़क की मार झेल रहे ग्रामीण

# श्मशान घाट जाने के लिए सड़क तक नहीं बारिश से बचने लगा टीन शेड भी है जर्जर

बारिश में अंतिम संस्कार करने में ग्रामीणों को दिक्कतों का करना पड़ रहा सामना।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा


सरकार और प्रशासन की लापरवाही की मार आष्टा जनपद की ग्राम पंचायत लसूडिया विजय सिंह अंतर्गत ग्राम नानकपुर के ग्रामीण लोग झेल रहे हैं. नानकपुर गांव में मरने वाले लोगों का अंतिम सफर भी मुश्किलों से भरा होता है, एक तरफ तो गांव से श्मशान तक जाने वाली सड़क की हालत खस्ता है तो दूसरी और गांव का एक मात्र श्मशान घाट का टिन शेड भर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है जिसके कारण बारिश में अंतिम संस्कार करने में ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

एक तरफ चांद पर पहुंच कर लोग घर बनाने की बात करते हैं तो दूसरी और नानकपुर गांव में रहने वाले लोगों को एक तरफ जीते जी मूलभूत सुविधाओं के लिए सिस्टम से लड़ना पड़ रहा है, तो वहीं जिम्मेदारों की उदासीनता के कारण गांव में मरने वाले लोगों की अंतिम यात्रा भी मुश्किलों से भरी हुई हो गई है। ग्राम पंचायत के जिम्मेदार सरपंच, सचिव की लापरवाही कारण ग्रामीणों को परेशानी ओर मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

### सड़क की हालत खराब, कीचड़ और पानी में से होकर जाना पड़ता है

आष्टा जनपद के नानकपुर गांव में श्मशान तक पहुंचने के लिए पक्की सड़क नहीं है। एक हजार की आबादी वाले इस गांव में श्मशान तक जाने के लिए कच्ची पगडंडी से होकर नाला पार करना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया की गांव में गांव से लेकर श्मशान तक जाने वाले रास्ते पर बारिश के चलते पानी भर जाता है. इसकी वजह से लोगों को श्मशान घाट तक मृतक के शव को ले जाने में बहुत परेशानी होती है. चार कंधों पर अर्थी ले जा रहे शव यात्रा में शामिल लोग भरे पानी ओर कीचड़ से दलदल बने हुए रास्तों से अर्थी ले जाने के लिए मजबूर हैं. बेबस ग्रामीण लोगों का कहना है कि पंचायत के जिम्मेदारों की लापरवाही के कारण बारिश के चलते बने इन हालातों में सालो से लोग ऐसे ही अंतिम संस्कार करने को मजबूर हैं।







**शमशान क्षतिग्रस्त, बारिश से बचने टीनशेड लगाकर किया अंतिम संस्कार**

बीते शनिवार को वृद्ध के अंतिम संस्कार के दौरान तेज बारिश शुरू हो गई। ग्रामीणों को घरों से टीनशेड लानी पड़ीं। इन टीन शेड की आड़ में अंतिम संस्कार किया गया। श्मशान में बैठने की व्यवस्था नहीं है। टीनशेड की चादर टूटी हुई हैं। ग्रामीणों ने कई बार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को इस बारे में अवगत कराया है, लेकिन समाधान नहीं हुआ। गांव के प्रदीप कुमार ने बताया कि विकास के नाम पर कुछ नहीं हुआ है। चुनाव के समय जनप्रतिनिधि वादे करते हैं, लेकिन जीतने के बाद कोई ध्यान नहीं देता। इस स्थिति से नाराज ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ रहा है। वे धरना-प्रदर्शन की योजना बना रहे हैं। आपको बता दें ब्लॉक के दर्जनों गांवों में नानकपुर गांव जैसी ही स्थिति देखी जा सकती है। जावर तहसील का झिकड़ी गांव यहां भी हालात जस के तस है। ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से समस्या से जूझ रहे पर कोई देखने, सुनने वाला नहीं है।

**जल्द कराएंगे निर्माण कार्य**

नानकपुर के श्मशान को जल्द बनवाया जाएगा वही विधानसभा अंतर्गत सभी शमशान घाटों को लेकर जल्द सरपंच, सचिवों की बैठक लेकर चर्चा की जाएगी।

**गोपाल सिंह इंजीनियर**, विधायक

## नवरात्रि पूजन से जीवन में ऊर्जा, सकारात्मकता, समृद्धि मिलती है: पंडित अमित तिवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




शारदीय नवरात्रि 2025 की शुरुआत आज से हो रही है । हिन्दू धर्म में नवरात्रि का पर्व अत्यंत पवित्र माना जाता है। नवरात्रि के नौ दिनों को बेहद ही पवित्र माना जाता है। इन नौ दिनों में माँ आदिशक्ति के नौ दिव्य स्वरूपों की पूजा-अर्चना की जाती है और ऐसा विश्वास है कि माँ की भक्ति से सभी दुःख-दर्द मिट जाते हैं ।इस नवरात्रि माँ दुर्गा की आराधना हमें शक्ति, धैर्य और आध्यात्मिक उन्नति का आशीर्वाद देती है। हमारी साधना और भक्ति से माता की कृपा प्राप्त होती है। मैं आपसे आग्रह करता हूँ कि इस पावन पर्व पर प्रतिदिन माँ के मंत्रों का जप करें और उनके गुणगान में लीन हो जाएँ। नवदुर्गा के ये रूप हमें हर विपत्ति से बाहर निकालने की शक्ति देते हैं और जीवन में सकारात्मकता प्रदान करते हैं।नवरात्रि के प्रत्येक दिन माँ के ये नौ स्वरूप समर्पित हैंः मां शैलपुत्री पर्वत पुत्री, हिमालय की बेटी, वृषभ वाहन पर विराजमान देवी।मां ब्रह्मचारिणी तपस्विनी देवी, संयम और साधना की प्रतिमूर्ति, सफेद वसनधारी माता। मां चंद्रघंटा तीसरा दिन शौर्य और सौम्यता की देवी, जिनके माथे पर चंद्रमा के आकार की घंटा है। मां कूष्मांडा चौथा दिन जगत की रचयिता, उज्जवल ऊर्जा की स्त्रोत, आदिशक्ति का सृजनात्मक रूप। मां स्कंदमाता पांचवा दिन करुणा और ज्ञान की माता, शिशु स्कंदकुमार कार्तिकेय को अपने कंधे पर लेटी हुई देवी। मां कालरात्रि सातवां दिन तमोगुण की विनाशक देवी, अंधकार के काले रूप की प्रतिमा। मां महागौरी आठवां दिन निर्मल श्वेतवर्णा देवी, शांति और शुद्धि की आत्मा, सौम्य और दयालु भावनाओं से पूर्ण। इनका मंत्र है ॐ देवी महागौर्यै नमः। मां सिद्धिदात्री नवां दिन सर्वसिद्धि प्रदान करने वाली देवी, अनंत ज्ञान और पराक्रम की जननी। आचार्य अमित तिवारी के अनुसार इन नौ दिव्य स्वरूपों की आराधना से हमारे हृदय में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और आत्मविश्वास की वृद्धि होती है। नवरात्रि में पूजा, जप और ध्यान से मन पवित्र होता है और कठिन इच्छाएं भी पूर्ण होती हैं। कृपा पूर्वक माँ दुर्गा के चरणों में स्वयं को समर्पित करके हम जीवन में मंगल और समृद्धि पा सकते हैं। इस नवरात्रि चलें, माता के भजन-कीर्तन से वातावरण को भक्तिमय बनाएं और माँ का ध्यान करते हुए सब दुःखों से मुक्ति पाएं। आचार्य अमित तिवारी ने बताया की नवरात्रि केवल धार्मिक अनुष्ठान का पर्व नहीं है, बल्कि यह आत्मशुद्धि और आध्यात्मिक उन्नति का अवसर है। इस पावन समय में हम अपने भीतर के आलस्य, क्रोध, ईर्ष्या, अहंकार और लोभ जैसी नकारात्मकताओं का नाश कर, भक्ति, करुणा, ज्ञान, और आत्मबल जैसी सकारात्मक शक्तियों का स्वागत करें। हिंदू धर्म में नवरात्रि को शक्ति की उपासना का महापर्व कहा गया है। देवी दुर्गा को शक्ति, साहस, विजय और समृद्धि की अधिष्ठात्री माना गया है। यही कारण है कि इन नौ दिनों में साधना, उपवास, हवन, पाठ और दान का विशेष महत्व बताया गया है। नवरात्रि के दौरान साधक व्रत रखते हैं और ध्यान-पूजा से मन और आत्मा को शुद्ध करते हैं।

# दो अखंड ज्योति वाली माता के रूप में जानी जाती है भंवरा वाली माता

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

ग्राम भंवरा तहसील या जिलास्तर पर किसी पहचान का मोहताज नहीं है, लेकिन पुरातात्विक, ऐतिहासिक और धार्मिक दृष्टि से संपन्न और वैभवशाली रहे ग्राम भँवरा के इतिहास के पन्नों से धूल हटाने के प्रयास आजादी के इतने वर्षों बाद भी न होना चिंता का विषय है। प्रशासनिक उदासीनता, राजनीतिक इच्छाशक्ति का अभाव और विकास कार्यों का वास्तविक प्रकाश ग्राम भंवरा तक न पहुंच पाना इसके मूल कारण रहे हैं। प्रदेश स्तर पर भँवरा ग्राम की पहचान इसलिए होना चाहिए, क्योंकि धार्मिक दृष्टि से इसका महत्व किसी शक्तिपीठ से कम नहीं, क्योंकि यहां चैतन्य रूप में शिवशक्ति स्वरूपा मां दुर्गा का दरबार सजा हुआ है।

भारत वर्ष में ग्राम भंवरा पहचान का इसलिए हकदार बन जाता है, क्योंकि यहां सनातनकाल से दो अखंड ज्योति प्रज्वलित है, जो कि देशभर में ग्राम भंवरा को एक ऐतिहासिक व गौरवशाली पहचान प्रदान करने के लिए पर्याप्त है, क्योंकि भंवरा को छोड़ देश में किसी भी देवस्थान पर सरकारी दस्तावेजों व साक्ष्यों के अनुसार सैकड़ों वर्षों से दो अखंड ज्योति नहीं जलती। धर्म, संप्रदाय और जातीय विभिन्नता के बावजूद ग्राम भँवरा की सामाजिक समरसता राष्ट्रीय एकता को प्रतिपादित करती रही है। शक्ति स्वरूपा मां जगदम्बिका का देश में एकमात्र द्वि-अखण्ड ज्योति दरबार म.प्र. के सीहोर जिले की आष्टा तहसील के ग्राम भंवरा में लगा है। ग्राम भंवरा



के चारों ओर 2 से 5 कि.मी. के दायरे में बसाहट के भी अनेक प्रमाण मिलते हैं। ऐसा कहा जाता है कि ग्राम भँवरा का वास्तविक नाम गढ़ भंवरा था, जिसकी पुरानी आबादी लगभग 96 हजार बताई जाती है।

ग्राम के चारों ओर कृषि भूमि और खेड़ा पर अनेक प्राचीन मूर्तियां, इमारतों के खंडहर और बावड़ियाँ भूमि की जुताई एवं खुदाई से प्राप्त होते हैं। ऐसी मान्यता है कि जब भारत वर्ष में ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक विरासतों, स्थलों को तहस-नहस के बर्बर-घृणित-वीभत्स अभियान में मूर्तिभंजक औरंगजेब लगा हुआ था, तब वह गढ़ भंवरा भी पहुंचा था। औरंगजेब ने तय कर रखा था कि वह हिन्दुओं के प्रत्येक देव स्थल के सम्मुख जाएगा और तीन आवाज लगाएगा, अगर उसे वहां से किसी चमत्कारी स्थान की अनुभूति होगी, तो उसे नष्ट नहीं करेगा। जब औरंगजेब ने गढ़ भँवरा में माँ दरबार के सम्मुख आवाज लगाई तो उसे कुछ विशेष अनुभूति हुई और वहां पर दण्डवत प्रमाण करते हुए इलाही नाम से संबोधित करके गया। तभी से लंबे समय तक भँवरा को इलाही माता का भँवरा के रूप में भी पुकारा जाने लगा।

शिलालेख पर औरंगजेब के समय की मुहर उत्कीर्ण होने के प्रमाण मिले थे, जो दो दशक पूर्व मंदिर के जीर्णोद्धार के समय नष्ट हो गए। कुछ वर्ष पूर्व यहां माताजी के गर्भगृह में ही निर्माण कार्य के दौरान तीन पिंडीनुमा मूर्तियां निकली, जिन्हें वर्तमान में वैष्णोदेवी के रूप में पुकारा जाता है और माँ इलाही के साथ वैष्णवी धाम भी कहा जाता है। राजा वीरसेन का साधना केंद्र भंवरा बाबू देवकीनंदन खत्री लिखित उपन्यास चंद्रकांता संतति के अनुसार आष्टा के राजा वीरसेन का गढ़ भंवरा में तांत्रिक साधना केंद्र था। 1982-83 में आष्टा के एसडीओ एस. खींची ने इस उपन्यास का संदर्भ देते हुए एक लेख भी समाचार पत्रों में प्रकाशित किया था, जिसमें उल्लेख था कि ग्राम भँवरा में माँ दुर्गा मंदिर, शिवालय, बावड़ी एवं कुंड आदि का लंबे समय तक तांत्रिक साधना केंद्र के रूप में उपयोग किया जाता रहा। ग्राम की बड़ी बसाहट एवं अभी भी विद्यमा पुराने स्थान पर इस बात की पुष्टि करते हैं, जिसमें सात-आठ स्थान प्रमुख है, जो यहां के ऐतिहासिक प्रमाणों का सजीव दर्शन कराते हैं। द्धि महाराज-ग्राम से 4-5 किमी दूर छायन से आगे सिद्धेश्वर नामक शिवजी का प्रमुख स्थान है। यहां पर एक बड़ा बाग भी है।

इसे किसी महात्मा की समाधि स्थल के रूप में मान्यता मिली है। यहां शिवरात्रि पर विशेष धार्मिक आयोजन, सामूहिक विवाह और भंडारे होते हैं, जिसमें आसपास के ग्रामों के श्रद्धालु आते हैं। चैत्र नवरात्रि की दशमी को नाथ पुजारी माताजी को तेल चढ़ाता है। इसके बाद ग्राम की महिलाएं दूसरे दिन तेल चढ़ाती है। बाकी 12 व 13 तिथि को तेल उतारने का क्रम चलता है। इसमें श्रद्धालु महिलाएं विशेष रूप से भाग लेती है।

यहां ऐसा अवसर विशेष होता है, जब वर्ष में एक बार गांव की प्रत्येक बेटी यहां पर हल हाल में पहुंचती है। महापूजन के एक दिन पहले से ही पांच दिवसीय मेला प्रारंभ होता है, जिसमें आसपास के दूरदराज के गांवों से भी लोग भाग लेने आते हैं और माताजी के दर्शन करते हैं। पिछले वर्ष की गई मन्नत के पूर्ण होने पर अपनी श्रद्धापूर्वक भेंट चढ़ाते हैं और प्रसाद वितरण करते हैं।

### शिव पर आस्था दुविधा में रास्ताः अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा

**सीहोर**। शिव पर आस्था दुविधा में रास्ता है। का अर्थ है कि जब आप भ्रम या संकट में हों और आपको रास्ता न सूझ रहा हो, तो भगवान शिव में विश्वास रखने से आपको समाधान मिल सकता है, क्योंकि शिव भक्तों के रास्ते कभी बंद नहीं होते. महादेव की पूजा और भक्ति सच्ची आस्था के साथ करने से मन को शांति मिलती है और जीवन में आने वाली कठिनाइयों से पार पाने का मार्ग प्रशस्त होता है। उक्त विचार जिला मुख्यालय के समीपस्थ कुबेरेश्वरधाम पर जारी पांच दिवसीय शिव महापुराण के विश्राम दिवस के अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहे। रविवार को श्राद्ध पक्ष अमावस्या के पावन अवसर पर भव्य भंडारे का आयोजन किया गया था, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। उन्होंने कहाकि गोस्वामी तुलसीदास ने भगवान शिव और माता पार्वती को विश्वास और श्रद्धा का प्रतीक बताया है। मनुष्य में जब तक श्रद्धा और विश्वास नहीं होगा तब तक उसे अपनी आत्मा में विराजमान परमात्मा भी दिखाई नहीं पड़ेगा।

# विधायक ने कलेक्टर से क्षेत्र में प्रभावित हुई फसलों का सर्वे कराने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



ग्रामीण दौरे के दौरान एवं जनसुनवाई में तथा अन्य अवसरों पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर से मिले क्षेत्र के किसानों ने खराब हुई सोयाबीन की व अन्य फसलों के खराब होने की शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए । गत दिवस विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कलेक्टर बालागुरु के से भेंट कर आष्टा विधानसभा क्षेत्र में किसानों की खेतो में खड़ी सोयाबीन की व अन्य फसलों के विभिन्न कारणों से प्रभावित होने के कारण किसान चिंतित परेशान है। विधायक ने खराब हुई फसलों का सर्वे कराने की मांग की। विधायक गो पा ल सिं ह इंजीनियर की मांग पर कलेक्टर बालागुरु के ने आष्टा एसडीएम को निर्देशित किया है कि दल गठित कर खराब हुई फसलों का सर्वे कराए। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने क्षेत्र के सभी किसान भाईयों से कहा है की वे चिंता ना करे किसानों की सरकार और आपका विधायक हर दुख,संकट में आपके साथ है। प्रशासन खेतो तक पहुचेगा ओर फसलों का सर्वे कर रिपोर्ट सौपेंगा। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने बताया की कलेक्टर बालागुरु के के निर्देशानुसार राजस्व एवं कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा आष्टा अनुविभाग में सोयाबीन फसल को हुई क्षति का खेतों में जाकर निरीक्षण कर नुकसान की रिपोर्ट तैयार करेंगे। निरीक्षण के कार्य के लिये एसडीएम द्वारा आष्टा, जावर तहसील के ग्रामों में किसानों के खेतों का निरीक्षण के लिये दल बना कर सर्वे के निर्देश जारी कर दिये है । विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा कि वे भी जल्द ही आष्टा एवं जावर तहसील के ग्रामो में पहुचेंगे,किसान भाईयों से मिल कर फसलों को देखेंगे ।

### तपोभूमि देवबड़ला में भूतड़ी अमावस्या पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, कुंड में किया स्नान

# सर्वपितृ अमावस्या पितरों की आत्म शांति के लिए किया दान





हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

मां नेवज नदी के उद्गम स्थल व पुरातात्विक धरोहर देवांचल धाम देवबड़ला बिलपान में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। देव बड़ला स्मारक इंचार्ज कुंवर विजेंद्र सिंह भाटी ने बताया की भुतड़ी अमावस्या, सर्वपितृ अमावस्या पितरों को समर्पित है और उनकी आत्मा की शांति के लिए पूजा और दान किया जाता है।

इस दिन पितरों के निमित्त तर्पण, दान और भोजन कराने से उनकी आत्मा को शांति मिलती है ऐसी मान्यता है कि इस दिन किए गए दान और तर्पण से पितरों की आत्माओं को शांति मिलती है। इस दिन घर को स्वच्छ किया जाता है, शुद्ध वस्त्र धारण किए जाते हैं और दक्षिण दिशा की ओर मुख करके पितरों का स्मरण किया जाता है। क्योंकि यह पितृ पक्ष का अंतिम दिन होता है और इसी दिन पितरों को विदाई दी जाती है. इस दिन पितरों को याद करके पिंड दान, तर्पण और दान-पुण्य किया जाता है, जिससे उन्हें शांति मिलती है।

वंश में वृद्धि होती है इन्हीं सब मान्यताओं के चलते क्षेत्र की प्राचीन धरोहर देवांचल धाम देव बड़ला में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने नेवज नदी के पवित्र जल से स्नान कर बाबा विल्वैश्वर महादेव का जल अभिषेक पुजा अर्चना कर क्षेत्र की सुख शांति व समृद्धि के लिए मंगल कामनाएं की। मंदिर समिति के अध्यक्ष ओंकार सिंह भगत जी ने कहा देव बड़ला सिहोर जिले में आस्था का सबसे बड़ा केंद्र होने के बाद भी आज तक 24 घंटे वाली बिजली, सुलभ शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। श्रद्धालुओं को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सुलभ शौचालय जैसी व्यवस्था नहीं होने से महिलाओं को होती है बड़ी परेशानी निराश होकर लौटती है।

# असाक्षर ग्रामीणों ने साक्षर बनने दी परीक्षा



हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद

भारत सरकार के निर्देश अनुसार संचालित उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत 20 सितंबर को मूलभूत साक्षरता और संख्या मता की मूल्यांकन परीक्षा कलेक्टर बालागुरू के, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सीइओ, जिला परियोजना अधिकारी आर आर उईके, के मार्गदशन और बीआरसी अजब सिंह राजपूत व विकासखंड सह समनवय अनिल श्रीवास्तव के निर्देशानुसार तथा संकुल प्राचार्य कल्याण सिंह ठाकुर के नेतृत्व में आयोजित की गई। जन शिक्षा केंद्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खामखेड़ा यात्रा अंतर्गत 30 परीक्षा केंद्र पर परीक्षा सुचारू रूप से संचालित की गई। जिसमें 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के असाक्षर परीक्षा में सम्मिलित हुए। जिसमें विशेष सहयोग जन शिक्षक करण सिंह चौहान, शैश पाल ठाकुर, संकुल समनवय लाड़सिंह मालवीय तथा समस्त शालाओं के शिक्षकों का सहयोग रहा।